**OPD** → **MMG REQUISITON FORM**

↓

**RADIOLOGY DEPARTMENT**

↓

**Appointment date and time will be allotted to you**

**General Instructions:**

- For appointment related queries (If you are running late on the day of appointment/ If you want to reschedule your appointment – Call on **+91-22-68735000** and ask the operator to connect to mammography room.

- Please make sure that you bring along the **films/ CD of the previous imaging done outside our institute**, **prior file numbers registered in TMH** if any.

- You will be asked about your last menstrual period. If you are **pregnant or suspect you might be pregnant please inform the staff**, to avoid radiation exposure to the baby. Details about your last chemotherapy dose may be required in case of amenorrhea due to chemotherapy.

- Avoid using deodorants, antiperspirants, powders, lotions, creams or perfumes under your arms or on your breasts. Metallic particles in powders and deodorants could be visible on your mammogram and cause confusion.

**ON THE DAY OF APPOINTMENT** → **BEFORE THE SCAN**

Go to the Appointment Counter where a **TOKEN NUMBER**will be allotted to you.

Submit your Mammogram requisition form to the technician in the mammography room

- At the testing facility, you're given a gown and asked to remove neck jewellery and clothing from the waist up.
- Leave valuables at home (including jewellery) or hand it over to your relative. None can be worn during the scan.

## DURING THE SCAN

- You will be made to stand in front of an X-ray machine specially designed for mammography.
- The technician places one of your breasts on a platform and raises or lowers the platform to match your height. Your head, arms and torso are positioned in order to allow an unobstructed view of your breast.
- Your breast is gradually pressed against the platform by a clear plastic plate. Pressure is applied for a few seconds to spread out the breast tissue. It can cause some discomfort.
- During the brief X-ray exposure, you'll be asked to stand still and hold your breath.

## AFTER THE SCAN

- After images are made of both your breasts, you may be asked to wait while your care team checks the quality of the images
- If the views are inadequate for technical reasons or additional views for interpretation are required, you may have to repeat part of the test.
- The entire procedure usually takes less than 30 minutes. Afterward, you may dress and resume your usual activities.
- If sonography of the breasts is required after the doctor sees the mammogram you will be asked to get billing done for targeted breast ultrasound.
- You will be called for ultrasound in the ultrasound room according to your turn.

## RESULTS

- Mammograms are digital images that appear on a computer screen.
- A doctor who specializes in interpreting imaging tests (radiologist) examines the images.
- The radiologist looks for evidence of cancer and other conditions that may require further testing, follow-up or treatment. The results are compiled in a report and finalised reports are also uploaded online which can be downloaded on your device.
- If images are required in form of film or CD kindly contact the technicians in the department.

ओपीडी → एमएमजी - माँग प्रपत्र

↓

रेडियोलॉजी विभाग - एक्ट्रेक

(अपॉइंटमेंट काउंटर – पेमास्टर शोधिका, भूतल)

↓

प्रस्तावित भेंट की तारीख एवं समय आपको दिया जाएगा।

**सामान्य अनुदेश :**

- अपॉइंटमेंट संबंधी प्रश्नों के लिए (यदि आप अपॉइंटमेंट के दिन देर से आ रहे हैं / यदि आप अपनी अपॉइंटमेंट को पुनर्निर्धारित करना चाहते हैं तो –
  **+91-22-68735000** नंबर पर संपर्क करें एवं ऑपरेटर को मैमोग्राफी रूम से संपर्क करने के लिए कहें।

- कृपया सुनिश्चित करें कि आप **हमारे संस्थान के बाहर की गई पिछली इमेजिंग की फिल्म/सीडी, टीएमएच में पंजीकृत पूर्व फाइल नंबर, यदि कोई हो, तो साथ लेकर आएँ।**

- आपसे आपकी आखिरी माहवारी के बारे में पूछा जाएगा। यदि आप गर्भवती हैं या **संदेह है कि आप गर्भवती हो सकती हैं, तो कृपया मैमोग्राफी कर्मचारिओं को सूचित करें,** ताकि बच्चे को विकिरण के जोखिम से बचा जा सके। कीमोथेरेपी के कारण एमेनोरिया के मामले में आपकी अंतिम कीमोथेरेपी खुराक के विवरण की आवश्यकता हो सकती है।

- अपनी बाहों के नीचे या अपने स्तनों पर डिओडोरेंट्स, एंटीपर्सपिरेंट, पाउडर, लोशन, क्रीम या परफ्यूम का प्रयोग न करें। क्योंकि पाउडर और दुर्गन्ध में धातु के कण आपके मैमोग्राम पर दिखाई दे सकते हैं और भ्रम पैदा कर सकते हैं।

**अपॉइंटमेंट के दिन** → **स्कैन से पहले**

अपॉइंटमेंट काउंटर पर जाएँ जहाँ आपको एक **टोकन नंबर** दिया जाएगा।

मैमोग्राफी रूम (पीएस -में तकनीशियन के पास अपना मैमोग्राफ माँग प्रपत्र जमा करें

- परीक्षण सुविधा हेतु आपको पहने के लिए एक गाउन दिया जाएगा और गले के आभूषण और कमर से ऊपर के कपड़े उतारने के लिए कहा जाएगा।
- घर पर ही अपना क़ीमती सामान (आभूषण सहित) छोड़ दें या इसे अपने रिश्तेदार को सौंप दें। स्कैन के दौरान कुछ भी पहने की अनुमति नहीं है।

**स्कैन करते समय**

- आपको विशेष रूप से मैमोग्राफी के लिए डिज़ाइन की गई एक्स-रे मशीन के सामने खड़ा किया जाएगा।
- तकनीशियन आपके एक स्तन को प्लेटफॉर्म पर रखता है और आपकी ऊंचाई के अनुरूप प्लेटफॉर्म को ऊपर या नीचे करता है। आपका सिर, हाथ और धड़ इस तरह से रखे गए हैं कि आपके स्तन को अबाधित रूप से देखा जा सके।
- एक स्पष्ट प्लास्टिक प्लेट द्वारा आपके स्तन को धीरे-धीरे प्लेटफार्म पर दबाया जाता है। स्तन के ऊतकों को फैलाने के लिए कुछ सेकंड के लिए दबाव डाला जाता है। इस प्रक्रिया दौरान कुछ बेचैनी पैदा हो सकती है।
- संक्षिप्त एक्स-रे एक्सपोज़र के दौरान आपको स्थिर खड़े रहने एवं अपनी सांस रोककर रखने के लिए कहा जाता है।

## स्कैन के पश्चात

- आपके दोनों स्तनों की छवियाँ बनने के बाद देखभाल समूह जब तक आपकी छवियों की गुणवत्ता जाँच नहीं कर लेती तब तक आपको प्रतीक्षा करने के लिए कहा जाता है।
- यदि कुछ तकनीकी कारणों से छवियाँ अपर्याप्त आएँ होंगे या परीक्षण करने के लिए अतिरिक्त छवियों की आवश्यकता होगी तो आपको परीक्षण के कुछ भागों को दोबारा करना होगा।
- पूरी प्रक्रिया में आमतौर पर 30 मिनट से कम समय लगता है। बाद में आप कपड़े पहन सकते हैं एवं अपनी सामान्य गतिविधियों को फिर से शुरू कर सकते हैं।
- यदि डॉक्टर द्वारा मैमोग्राम देखने के बाद स्तनों की सोनोग्राफी की आवश्यकता होती है तो आपको लक्षित स्तन अल्ट्रासाउंड के लिए बिलिंग करवाने के लिए कहा जाएगा।
- आपको अल्ट्रासाउंड कक्ष में आपकी बारी के अनुसार अल्ट्रासाउंड के लिए बुलाया जाएगा।

## परिणाम

- मैमोग्राम डिजिटल छवियां हैं जो कंप्यूटर स्क्रीन पर दिखाई देती हैं।
- ऐसे डॉक्टर जो इमेजिंग परीक्षणों (रेडियोलॉजिस्ट) की परीक्षण करने में विशेषज्ञ है वें छवियों की जाँच करते हैं।
- रेडियोलॉजिस्ट कैंसर और अन्य स्थितियों के प्रमाणों की तलाश करता है जिसके लिए आगे परीक्षण, अनुवर्ती या उपचार की आवश्यकता हो सकती है। परिणामों को एक रिपोर्ट में संकलित किया जाता है और अंतिम रिपोर्ट भी ऑनलाइन अपलोड की जाती है जिसे आप अपने डिवाइस पर डाउनलोड कर सकते है।
- यदि आपको चित्र, फिल्म या सीडी के रूप में आवश्यक हैं तो कृपया विभाग में तकनीशियनों से संपर्क करें।